26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 18 नवम्बर, 2025
अंक- 25 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# आतंकी डॉ. उमर बोला- सुसाइड बॉम्बिंग शहीद होने का मिशन

## दिल्ली धमाके से पहले बनाया वीडियो, आतंकियों की ड्रोन हमला करने की साज़िश थी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की फिराक में रहे आतंकी डॉ. उमर मोहम्मद नबी का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। इस वीडियो में उमर अंग्रेजी में तकरीर करता हुआ दिखाई दे रहा है और आत्मघाती बमबारी को जायज ठहरा रहा है। वीडियो में उमर अकेला नजर आ रहा है और उसने एक कमरे में बैठकर यह वीडियो रिकॉर्ड किया है। वीडियो में उमर ने आत्मघाती हमलों की अवधारणा को गलत समझे जाने का दावा किया है। उसका कहना है कि लोग इस विचार की मूल भावना को समझने में असफल रहते हैं कि आत्मघाती बम विस्फोट का असली मतलब क्या है। उसने स्वीकार किया कि इसके खिलाफ कई तरह के विरोधाभास और अनगिनत तर्क मौजूद हैं। वीडियो में उमर मोहम्मद ने कहा कि जिसे आत्मघाती बम विस्फोट कहा जाता है, वह अवधारणा बहुत ही गलतफहमी में से एक है। यह एक शहादत अभियान है... जिसे इस्लाम में जाना



जाता है। वह आगे स्वीकार करता है कि इस अवधारणा के खिलाफ कई तर्क दिये गये हैं और इसमें विरोधाभास भी है। उमर के अनुसार, 'शहादत' अभियान वह होता है जिसमें व्यक्ति यह मान लेता है कि उसकी मौत किसी खास जगह और समय पर होगी तो वह एक खतरनाक मानसिक अवस्था में पहुंच जाता है। वह मानने लगता है कि मौत ही उसका अंतिम लक्ष्य है। डॉ. उमर मोहम्मद ने इस बात पर भी जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति सटीक भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि उसकी मौत कब और कहां होगी और यह तभी संभव है जब यह नियति में लिखा हो। उसने अपने वीडियो संदेश में कहा कि 'मौत से मत डरो।' वीडियो में उमर मोहम्मद का अंग्रेजी लहजा अलग और स्पष्ट है। उसकी बातों से यह स्पष्ट होता है कि वह आत्मघाती बम विस्फोट और 'शहादत' जैसे विषयों पर गहराई से विचार करता था, जो उसकी पूरी तरह से कट्टरपंथी सोच को दर्शाता है। एक शांत और संयमित व्यक्ति द्वारा जघन्य कृत्य को सही ठहराने का यह वीडियो, भारत में आतंकवाद के एक नये, शिक्षित, कट्टरपंथी चेहरे को सामने लाता है।

# 55 दिन खुली हवा में सांस...

## अब फिर सलाखों के पीछे भेजे आज़म खां, रामपुर की जेल में बैरक नंबर एक नया ठिकाना

**रामपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** 55 दिन खुली हवा में सांस लेने के बाद सपा नेता आजम खां को रामपुर जेल भेज दिया गया। पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम इसी साल 25 फरवरी को हरदोई जेल, तो आज़म खां 23 सितंबर को सीतापुर जेल से छूटे थे, लेकिन दो पैन कार्ड मामले में अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद दोनों को फिर जेल भेज दिया गया। सपा नेता आजम खां रामपुर विधानसभा सीट से दस बार विधायक रहे चुके हैं। वह प्रदेश में चार बार कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं। इसके अलावा 2019 में रामपुर संसदीय सीट से लोकसभा का चुनाव जीते थे और एक बार वह राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा भी विधायक और राज्यसभा सदस्य रही हैं। उनके पुत्र अब्दुल्ला वर्ष 2017 में विधायक तो बन गए, लेकिन उम्र के विवाद में हाईकोर्ट ने उनकी विधायकी निरस्त कर दी।

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट
मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रेक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रेक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

# शेख़ हसीना को नहीं सौंपेगा भारत

**नई ल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** बांग्लादेशी न्यायाधिकरण के फैसले और अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के शेख हसीना को प्रत्यर्पित किए जाने की मांग के बावजूद यह बात तो साफ है कि भारत सरकार ऐसा नहीं करेगी। भारत हमेशा से अपने मित्रों के लिए जोखिम उठाता रहा है। बांग्लादेश सरकार के दिसंबर, 2024 में हसीना को सौंपे जाने की मांग के बावजूद भारत ने उन्हें सुरक्षित रखा हुआ है। फैसले के बाद सोमवार को सरकार ने जो बयान जारी किया, उसमें भी इस मसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। खास बात यह है कि न्यायाधिकरण का फैसला एकतरफा है, इसमें हसीना को अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया है। यह मामला आपराधिक से ज्यादा राजनीतिक है, यही आधार है जो प्रत्यर्पण न करने के भारत के पक्ष को मजबूत बनाता है। भारत-बांग्लादेश ने 2013 में प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर किए थे, इसके आधार पर ही बांग्लादेश हसीना को सौंपने की मांग कर रहा है। इसमें 2016 में संशोधन हुआ था। इसी संधि के तहत भारत ने 2020 में शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के दो दोषियों को बांग्लादेश भेजा था। संधि में दोनों देशों के बीच अपराधियों के आदान-प्रदान की शर्तें शामिल हैं, पर किसी अपराधी का प्रत्यर्पण तभी किया जाएगा, जब अपराध दोनों देशों में अपराध माना जाए। न्यूनतम एक वर्ष की सजा दी गई हो और आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट हो।



होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार
( दिन/रात शिफ्ट )
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

Recruitment

A Well established Pathology Lab at Bijnor Requires following Staff:-

Lab Technician - (Experience 5 years)
Computer Operator (Female) - (Experience 2 years)
Manager - (Experience 2 years)

Call on MOb. No. 8394942102
(Between 11 AM To 2 PM)

# समस्याओ को लेकर सफाईकर्मी 21 नवम्बर को करेंगे धरना-प्रदर्शन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के सफाईकर्मियों की मौहल्ला मकबरा में अरविंद सूद के आवास पर एक मीटिंग उन्हीं की अध्यक्षता एवं सफाई कर्मचारी आंदोलन के पदाधिकारी राजीव प्रसाद वाल्मीकि के संचालन में आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि मैला प्रथा समाप्त होने के बाद बेरोजगार हुए लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कई जनकल्याण योजनाओं का इन बेरोजगारों को लाभ नहीं दिया जा रहा है। मैन्युअल स्कैनिंग में चयनित हुए तथा वर्तमान में सफाई कार्य से जुड़े हुए लोग अधिकारियों की वजह से नमस्ते भारत योजना से भी नहीं जुड़ पा रहे है। नगर पालिकाओं में आउटसोर्सिंग पर रखे हुए लोगों को पूरे जिले में अलग-अलग वेतन दिया जा रहा है जो कि नियम विरुद्ध है। सरकार की तरफ से आउटसोर्सिंग पर रखे हुए सफाई कर्मचारि को स्थायी किया जाए व मैन्युअल स्केचिंग में चयनित लोगों का पुनार्वास किया जाए। नगर पालिका में अधिशासी अधिकारियों द्वारा सफाईकर्मियों का शोषण बंद किया जाए। इन सभी समस्याओं को लेकर सफाई कर्मचारियों में रोष है। इन सभी मांगों के समाधान के लिए 21 नवम्बर को सफाई कर्मचारी बिजनौर नगर पालिका में इकट्ठा होकर पैदल मार्च करते हुए डीएम कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा 10 सूत्रीय मांग पत्र डीएम को सौंपेंगे। मीटिंग में आदेश, वेद, पीतम, संतोषी, दिनेश, सोनू, सर्वेश आदि मौजूद रहे।



आंदोलन की रणनीति तैयार करते सफाईकर्मी।

# खेत में काम कर रहे व्यक्ति को गोली मारकर घायल किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम कमालपुर खाईखेड़ी निवासी 55 वर्षीय वाजिद अली पुत्र अल्ला बख्श ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह गांव में एक व्यक्ति के खेत में काम कर रहा था, तभी वहां दो लोग आये उस पर गोली चलाकर फरार हो गये। फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच के बाद थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। कई लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## उधार के पैसे मांगने पर मारपीट कर घायल किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला पठानपुरा निवासी व्यापारी नफीस पुत्र इदरीस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने सलीम से अपने उधार के पैसे मांगे तो वह आग बबूला हो गया तथा गाली-गलौच करने लगा, जब उसके भाई ने इसका विरोध किया तो सलीम ने अपने कई साथियों के साथ उस पर चाकू, छुरी, कुल्हाड़ी व लाठी से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुजफ्फरनगर महारैली में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के मुस्लिम भाईचारा कमेटी बिजनौर के जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष रजत कुमार ने जिलाध्यक्ष भीम आर्मी एवं जिला पंचायत सदस्य बिजनौर प्रशांत सागर तथा मुस्लिम भाईचारा के विधानसभा मीडिया प्रभारी लईक अहमद के साथ क्षेत्र के ग्राम मौअज्जमपुर सादात का दौरा कर कार्यकर्ताओं से 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर जिला मुजफ्फरनगर के जीआईसी ग्राउंड में होने वाली संवैधानिक अधिकार व भाईचारा बनाओ महारैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

# पैजनिया गुरुद्वारे के 100 वर्ष पूरे होने पर कीर्तन दरबार का आयोजन




**पैजनिया (चिंगारी)।** गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गुरु नानक दरबार पैजनिया के तत्वावधान में सोमवार को श्री गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व को समर्पित एवं पैजनिया के गुरुद्वारे के 100 वर्ष पूरे होने पर 30 वां कीर्तन दरबार एवं महान नगर कीर्तन परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर कीर्तन दरबार में रागी जत्थे ने गुरबाणी प्रस्तुत कर उपस्थित संगत को निहाल किया। इसके उपरांत गांव के गली मोहल्ले में नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें सुसज्जित वाहन पर गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान थे। नगर कीर्तन में आतिशबाजी के साथ बैंड बाजे एवं डीजे पर बज रही गुरबाणी का नगर कीर्तन में आई संगत ने आनंद लिया। इस दौरान अटूट लंगर श्री बाबा जीवन दास मंदिर में बरताया गया। रागी जत्थे में सिंह साहेब ज्ञानी राजदीप सिंह अमृतसर, अमरजीत सिंह तान यूएसए, सरदार बलवंत सिंह, संत बाबा रणजीत सिंह महाराष्ट्र, देवेंद्र सिंह सोढ़ी लुधियाना, शामिल रहे। नगर कीर्तन में प्रधान रविंद्र सिंह ट्विंकल, सेक्रेटरी सुरजीत सिंह नीटू, खजांची वीरेंद्र सिंह गौड़, उप प्रधान करनैल सिंह सोनू, संचालक जगजीत सिंह विक्की, उप खजांची गुरुचरण सिंह सम्मी, एडिटर निरंकार सिंह बाबू, स्टेज सेक्रेटरी धर्मेंद्र सिंह गौड़ मौजूद रहे।

**रागी जत्थे ने गुरवाणी प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया**

# निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बीएलए को दिया प्रशिक्षण




**नूरपुर (चिंगारी)।** सोमवार को ब्लॉक के शहीद परवीन सिंह, रिक्खी सिंह सभागार में गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित बैठक में राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंटस (बीएलए) को प्रशिक्षण दिया गया।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजय शंकर सिंह ने बीएलए को गणना प्रपत्र भरवाने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के विषय में बताया कि जो महिलाएं विवाह के बाद अपनी ससुराल में हैं, उनका 2003 की निर्वाचन सूची में नाम नहीं है उनके मायके से उनकी जानकारी ली जाए उसके आधार पर गणना प्रपत्र भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र भरने के बाद नौ दिसम्बर को ड्राफ्ट मतदाता सूची पब्लिश की जाएगी। मतदाता सूची पब्लिश करने के बाद दावे आपत्तियों के लिए एक माह का समय दिया जाएगा। दावे आपत्तियों की सुनवाई के दौरान मतदाताओं को चुनाव आयोग की ओर से नोटिस देकर उनके जरूरी कागजात मांगे जाएंगे। इस अवसर पर हलका लेखपाल अमित तोमर व भाजपा, सपा,बसपा व आजाद समाज पार्टियों के बीएलए मौजूद रहे।




**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र नहटौर**

पत्रांक- बेसिक/ख.शि./ 453-58 / 2025-26 दिनांक : 15.11.2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र आकू के 31 परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों की नीलामी दिनांक 25.11.2025 को प्रात: 10:00 बजे से बी.आर.सी. नहटौर के मीटिंग हॉल में की जानी है। निष्प्रयोजन भवनों का अवलोकन सम्बंधित विद्यालयों में जाकर किया जा सकता है। जर्जर भवनों की सूची बी.आर.सी. कार्यालय नहटौर से प्राप्त की जा सकती है तथा जर्जर भवनों की सूची में नीलामी की शर्तें बी.आर.सी. कार्यालय नहटौर पर चस्पा है।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**विकास क्षेत्र, नहटौर**

# प्रेमी संग पकड़ी गयी महिला ने फांसी लगाकर जान गंवाई

**स्योहारा ( चिंगारी )।** प्रेम सम्बंधों का खुलासा होने पर महिला ने आत्महत्या कर ली। ये कदम उसने मामले का समझौता होने पर उठाया। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि घटना से दो दिन पूर्व महिला गांव के ही एक युवक के साथ घर में पकड़ी गई थी। मामला सामने आने पर पति और ससुराल पक्ष ने दोनों की पिटाई कर पुलिस को सूचना दी थी। बाद में रविवार को दोनों पक्षों में समझौता भी हो गया था।

लेकिन सोमवार को अचानक महिला ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। महिला की शादी को पांच वर्ष हुए थे। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्यवाही की जायेगी।

# निराश्रित बछड़े से टकराकर बाइक सवार की मौत, दो घायल

**पैजनिया ( चिंगारी )।** बीती सायं चांदपुर-नहटौर मार्ग पर सड़क हादसे में आवारा बछड़े से टकराकर बाइक सवारी युवक की दु:खद मौत हो गई, जबकि हादसे में बछड़े की भी मौत हो गई। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव पावटी निवासी अयान पुत्र सरफराज (20 वर्ष) चांदपुर में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान करता था। सोमवार की शाम करीब 7:30 बजे अयान बाइक पर भाई जीशान व तयेरे भाई शाकिब के साथ घर लौट रहा था, इस दौरान पैजनिया स्थित शराब के ठेके के सामने अयान की बाइक सड़क पर घूम रहे बछड़े से टकराकर सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी। इस हादसे में अयान गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 112 से घायल अयान को बिजनौर जिला चिकित्सालय भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि मामूली रूप से घायल जीशान व साकिब को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अयान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि अयान हेलमेट पहने होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।


अयान का फाइल फोटो

# घर में घुसकर मारपीट की



**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला कबीरनगर निवासी अमरजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ला चौधरियान व ब्रहमपुरी निवासी महेन्द्र सिंह आदि उससे रंजिश रखते हैं। आरोप है कि सोमवार को करीब पौने बारह बजे वह अपने घर पर था, इस दौरान महेन्द्र सिंह उसके दो पुत्रों ससवंत सिंह जैकी व गुरविंदर सिंह विक्की ने सिंघराल सिंह, मनी सिंह, हैप्पी सिंह, रमनदीप सिंह अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर में घुसे और गाली-गलौच करते हुए उस पर हमला कर दिया। हमले में उसके सर पर चोट लगी है। हमलावरों ने घर की महिलाओं के साथ भी अभद्रता की झगड़े में उसकी पत्नी दर्शन कौर की एक सोने की चेन व अंगूठी भी गायब हो गई। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है।

# गन्ना क्रय केन्द्र का लोडर चाहते हैं बदलवाना, किसानों ने किया हंगामा



**शेरकोट ( चिंगारी )।** गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना न उठाये जाने से आक्रोशित किसानों ने हंगामा कर केंद्र पर लगा लोडर बदलवाने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को क्षेत्र के ग्राम शाहलीपुर उत्तमचंद उर्फ हादकपुर के गन्ना क्रय केंद्र पर गन्ना लोडर की कार्यशैली से नाराज़ होकर किसानों ने हंगामा किया। इस दौरान किसानों ने क्रय केंद्र पर लगे गन्ना उठाने वाला लोडर को बदलवाने की मांग की।

आक्रोशित किसान करतार सिंह, रितिक कुमार, यश त्यागी, अंकुर कुमार, कपिल राजपूत, विशाल त्यागी, यतेंद्र कुमार, हरपाल सिंह, गजरे सिंह, राकेश कुमार आदि ने बताया कि सेंटर पर आने वाला गन्ना समय पर न उठाये जाने से किसानों को काफी दिक्कत होती है। किसानों का आरोप है कि गत वर्ष भी सेंटर पर आयेदिन ये समस्या रहती थी। आज क्रय केंद्र का प्लॉट गन्ना से भरा देखकर किसानों में रोष व्याप्त हो गया। किसानों का आरोप है कि लोडर चलाने वाले की लापरवाही से ये परेशानी होती है। वहीं उपमहाप्रबंधक गन्ना विनय शर्मा ने बताया कि लोडर चालक के अचानक कहीं जाने से जो समस्या पैदा हुई थी, पता लगते ही उसको दूर करा दिया गया है।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## संस्कृति की पोषक नदियां

इतिहास साक्षी है कि तमाम सभ्यताओं का जन्म नदियों के किनारे ही हुआ है। नदियों के निकट की उर्वरक भूमि, जल की निरंतर उपलब्धता, प्राकृतिक संपदा और संसाधन और इन सबसे प्रभावित और संतुलित चक्र के कारण ही सभ्यताओं को फलने-फूलने के लिए सबसे उत्तम स्थान नदियों के किनारे ही मिला। यही कारण है कि प्रकृति पूजक हम भारतीयों के लिए नदी केवल जल की एक धारा मात्र नहीं रही, बल्कि वह उस विराट मातृ शक्ति का रूप भी है, जिसका कार्य ही है अपनी संततियों का पालन और पोषण करना। किन्तु आज की स्थितियों में हम पाते हैं कि हमने नदियों से लिया तो बहुत कुछ है, किन्तु बदले में उन्हें हम कुछ दे नहीं पाए हैं, सिवाय गंदगी के। भारत में सैकड़ों छोटी-बड़ी नदियाँ हैं। इन नदियों का धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से बड़ा महत्व रहा है। कुम्भ स्नान, गणेश चतुर्थी, कार्तिक स्नान, मकर संक्रांति, अमावस्या, पूर्णिमा और छठ पर्व के अतिरिक्त विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी नदियों की पूजा और उनमें डुबकी लगाने का विधान है। शुभ कार्यों में पूजन के भोग और पंचामृत में गंगा जल का क्या महत्व है, इससे तो सभी परिचित ही हैं तो मोक्ष प्राप्ति के लिए सनातन काल से अस्थि विसर्जन भी इन्हीं नदियों में ही होता आया है। सीधा सा अर्थ है कि भारतीय नदियों का संबंध भारत की सनातन चेतना, परंपरा और आस्था से तो है ही, औद्योगिक और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी इनका बहुत महत्व है। किन्तु विगत कुछ वर्षों में देखा गया है कि तीव्र गति से हो रही जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिक विकास, घरेलू एवं कृषि क्षेत्र में बढ़ते दबावों के कारण जल की मांग अत्यधिक बढ़ी है, जिससे पेयजल की समस्या का संकट खड़ा तो हुआ ही है, जल की गुणवत्ता में भी कमी आई है। हमारी नदियां तीव्र गति से प्रदूषित हो रही हैं। विभिन्न खतरनाक तत्व जिसमें अमोनिया, नाइट्रेट और फॉस्फेट जैसे उर्वरक, डिटर्जेंट, तेल और हाइड्रोकार्बन, कैडमियम, पारा, सीसा जैसे रासायनिक कचरे, स्टायरोफोम, प्लास्टिक और पोलीथिन सम्मिलित हैं, नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं।

# बिहार की प्रचंड जीत से यूपी में नई इबारत लिखने की तैयारी



-स्वदेश कुमार
लखनऊ

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों ने न सिर्फ वहां की राजनीति की तस्वीर बदल दी है, बल्कि उत्तर प्रदेश की सत्ता-समीकरणों में भी एक नई हलचल पैदा कर दी है। एनडीए ने बिहार में जैसा ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है, वह भाजपा के भीतर उत्साह का नया ज़रिया बना है। 243 सीटों में से 200 के पार पहुंचना किसी साधारण जनादेश का संकेत नहीं है। यह ऐसा राजनीतिक संदेश है जिसे समझने वाले जानते हैं कि यह लहर बिहार की सीमाओं में कैद रहने वाली नहीं, बल्कि पूरे हिंदी पट्टी के राजनीतिक नक्शे को प्रभावित करने वाली है। भाजपा के लिए खास बात यह रही कि पहली बार वह बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनी। पिछले चुनाव में जहां भाजपा 74 सीटों पर रुक गई थी, वहीं इस बार वह लगभग 90 सीटों पर जीत और बढ़त बनाकर उभरी। दूसरी ओर जेडीयू भी 85 के करीब सीटें लेकर मजबूत साझेदार के रूप में सामने आई। महागठबंधन का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा आरजेडी 25 के आसपास और कांग्रेस 6 सीटों पर सिमट गई। यह वो परिदृश्य है जिसने पूरे राजनीतिक विमर्श को नई दिशा दी है। इस जीत के पीछे केवल संगठन या गठबंधन की ताकत ही नहीं, बल्कि यूपी के नेताओं का योगदान भी बराबर माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार चुनाव का सहप्रभारी बनाया गया था और उन्होंने मुजफ्फरपुर को केंद्र बनाकर 78 सीटों पर रणनीति संभाली। ओबीसी समाज को साधने की उनकी क्षमता बिहार में खासा प्रभावी साबित हुई। धर्मेंद्र प्रधान के साथ मिलकर तैयार की गई चुनावी योजना का असर जमीनी स्तर पर दिखा। यूपी के कई मंत्री ब्रजेश पाठक, महेंद्र सिंह, अनिल राजभर, दया शंकर सिंह, सुरेश राणा, दिनेश प्रताप सिंह और अन्य नेताओं ने महीनों तक गांव-गांव घूमकर कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर पर काम किया। यह मेहनत केवल रैलियों में भीड़ जुटाने तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह वोट प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति का ठोस हिस्सा थी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाओं का भी खासा असर दिखा। उन्होंने 32 रैलियां और एक बड़ा रोड शो किया। जिन 43 प्रत्याशियों के लिए उन्होंने प्रचार किया, उनमें से अधिकतर सीटें एनडीए की झोली में चली गईं। यह सिर्फ लोकप्रियता का असर नहीं था, बल्कि बिहार के मतदाता के बीच सुरक्षा, कानून व्यवस्था और विकास की छवि का असर जमाने की राजनीतिक कला का भी प्रदर्शन था। बिहार में योगी का नाम और काम दोनों ही एक सशक्त संदेश के रूप में इस्तेमाल हुए और नतीजों ने साबित किया कि यह रणनीति सफल रही। बिहार की इस भारी जीत का सबसे बड़ा असर अब उत्तर प्रदेश में दिखाई देगा। यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर लगते हैं, लेकिन भाजपा ने इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी है। संगठन में बदलाव, कैबिनेट फेरबदल और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने की रणनीतियों पर विचार तेज हो गया है। जिस तरह बिहार में जातीय गणित को अलग ढंग से साधा गया और इसे विकास आधारित राजनीति के साथ संतुलित किया गया, उसे यूपी में भी लागू करने की कवायद शुरू होगी। भाजपा की शीर्ष नेतृत्वीय बैठकें अब बिहार मॉडल की समीक्षा कर रही हैं ताकि उसे यूपी में अपनाया जा सके, क्योंकि भाजपा जानती है कि 2024 के झटके के बाद यह चुनाव सिर्फ सत्ता का सवाल नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिष्ठा का भी सवाल है।



"बिहार में एनडीए की यह दो सौ के पार की लहर भाजपा के लिए सिर्फ जीत नहीं, बल्कि 2027 की रणनीति का पहला अध्याय है। यह जीत बताती है कि जनता ने जंगलराज, परिवारवाद और जातीय उथल-पुथल से ऊपर उठकर सुशासन को चुना है। इसी सोच को यूपी तक ले जाने की तैयारी अब तेज होगी। भाजपा अपनी संगठनात्मक शक्ति, जातीय समीकरणों की समझ और विकास आधारित राजनीति का संतुलन बनाकर यूपी में भी बिहार जैसा परिणाम चाहती है।

दूसरी तरफ, सहयोगी दलों की रणनीति भी बिहार परिणामों के बाद बदलने को मजबूर होगी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने चुनाव से पहले 153 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया था, लेकिन अंततः केवल 32 सीटों पर उतर सकी और ज्यादातर सीटों पर हारते हुए उसकी जमानत तक जब्त हो गई। इससे यह संदेश गया कि क्षेत्रीय दल भाजपा पर दबाव बनाकर अपनी मोल-भाव क्षमता बढ़ाने का जो खेल खेलते आए थे, अब वह उतना सफल नहीं रहेगा। बिहार में एनडीए की मजबूती ने संकेत दिया है कि भाजपा अकेले भी चुनाव जीतने की क्षमता रखती है, और सहयोगी दलों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा। उधर समाजवादी पार्टी के लिए भी बिहार ने एक मजबूत संदेश छोड़ा है। भले ही सपा ने बिहार में चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन अखिलेश यादव ने कुल 22 सभाएं करके इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में प्रचार किया। बिहार परिणामों ने सपा को यह सोचने पर मजबूर किया है कि सिर्फ कोर वोट बैंक के भरोसे चुनाव लड़ना अब संभव नहीं। एमवाई समीकरण का समय बीत चुका है और अखिलेश जिस पीडीए मॉडल की बात कर रहे हैं, उसे अब जमीनी स्तर पर लागू करने की जरूरत है। सपा के वरिष्ठ नेता भी मान रहे हैं कि 2027 की लड़ाई जातीय समीकरणों की जगह विकास और व्यापक सामाजिक साझेदारी के आधार पर लड़ी जाएगी। सपा को गैर-यादव ओबीसी, गैर-जाटव दलित और ग्रामीण समाज के नये वर्गों तक अपनी पहुंच बनानी होगी, क्योंकि बिहार परिणामों ने यह साफ कर दिया है कि जनता अब केवल जाति-आधारित राजनीति को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। इसी बीच अखिलेश यादव ने SIR प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि बिहार में चुनावी खेल हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि यह खेल अब पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और यूपी में नहीं होने देंगे। सपा का दावा है कि उनका PPTV यानी पीडीए प्रहरी हर बूथ पर चौकन्ना रहेगा और संभावित गड़बड़ियों पर पैनी नज़र रखेगा। इन आरोपों का भाजपा ने कड़ा जवाब दिया है। केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट कहा कि हार की आदत डाल चुके नेता अब प्रक्रिया पर सवाल उठाकर जनता के जनादेश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका दावा है कि 2027 में यूपी में भी 2017 जैसा प्रचंड बहुमत मिलेगा। बिहार में एनडीए की यह दो सौ के पार की लहर भाजपा के लिए सिर्फ जीत नहीं, बल्कि 2027 की रणनीति का पहला अध्याय है। यह जीत बताती है कि जनता ने जंगलराज, परिवारवाद और जातीय उथल-पुथल से ऊपर उठकर सुशासन को चुना है। इसी सोच को यूपी तक ले जाने की तैयारी अब तेज होगी। भाजपा अपनी संगठनात्मक शक्ति, जातीय समीकरणों की समझ और विकास आधारित राजनीति का संतुलन बनाकर यूपी में भी बिहार जैसा परिणाम चाहती है। वहीं विपक्ष के लिए यह चुनाव चेतावनी है कि पुराने फार्मूलों को छोड़कर नई राजनीति अपनानी होगी। बिहार की यह सुनामी चाहे जितनी दूर तक जाए, इतना साफ है कि इसका असर यूपी की राजनीति तक जरूर पहुंचेगा और आने वाले महीनों में राज्यों के बीच राजनीतिक रणनीतियों की अदला-बदली और तेज होगी। 2027 का चुनाव किस दिशा में जाएगा, यह कहना अभी मुश्किल है, लेकिन बिहार का यह परिणाम यह संकेत देने के लिए काफी है कि राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं और अगले चुनाव में मुकाबला पहले से कहीं ज्यादा दिलचस्प, चुनौतीपूर्ण और अप्रत्याशित होने वाला है।

# विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, अनुशासन और सकारात्मक सोच का आधार है खेल : इमरान मसूद






**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीरा चैरिटेबल सोसाइटी के 31वें तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का भव्य आयोजन रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर के संयोजन में नेहरू स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इमरान मसूद, सांसद सहारनपुर, कुंवर उदयन वीरा, सचिव वीरा चैरिटेबल सोसाइटी, कुंवरानी रुचि वीरा, सांसद मुरादाबाद एवं सचिव आरबीडी महिला महाविद्यालय, स्वाति वीरा महाजन सचिव, केपीएसआईसी एवं सचिव रेडियो संदेश 89.6, प्रवीण गुप्ता व वीरा चेरिटेबल सोसाइटी के सदस्य खुशनूद खां के द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास को सशक्त बनाते हैं। छात्र-छात्राओं के द्वारा सामूहिक पीटी का सुंदर प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान एवं स्वागत में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

मुख्य अतिथि इमरान मसूद ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन, टीम वर्क और सकारात्मक सोच का आधार हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के व्यवसायीकरण के दौर में वीरा चेरिटेबल सोसाइटी बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रही यह अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने वीरा चेरिटेबल सोसाइटी द्वारा दशकों से खेल और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की। कुंवरानी रूचि वीरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बिजनौर के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कुंवर सत्यवीर ने जो पौधा लगाया था, आज वह फल-फूल रहा है।

इस अवसर पर बालक-बालिकाओं ने विभिन्न वर्गों में विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम प्राइमरी स्तर के बालकों के लिए 50 मीटर रेस का आयोजन किया गया, जिसमें आदित्य, आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज शाहबाजपुर, द्वितीय भार्गव सिंह डीडीपीएस बिजनौर, तृतीय स्थान अबूजर ने प्राप्त किया। 100 मीटर रेस सीनियर बालक वर्ग में पीयूष राज आरजेपी इंटर कॉलेज ने प्रथम, नितिन कुमार आरजेपी इंटर कॉलेज ने द्वितीय तथा सक्षम सिंह डीडीपीएस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में प्राची सैनी, लक्ष्मी व सानिया ने, सुपर सीनियर बालक वर्ग में आकाश कुमार, कुलवीर तथा अभय गुप्ता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुपर सीनियर बालिका वर्ग में ज्योति रानी ने प्रथम, नियाशा तोमर ने द्वितीय तथा आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में आर.जे.पी. इंटर कॉलेज के प्राचार्य कैप्टन बिशन लाल, डी.डी.पी.एस., बिजनौर के प्राचार्य राजीव थॉमस, के.पी.एस.आई.सी.की प्राचार्या डा.संगीता गुप्ता, आदर्श बाल विद्या निकेतन के प्राचार्य गिरिराज, वीरा इंटर कॉलेज धर्मनगरी, बिजनौर के प्राचार्य श्री वाजिद हुसैन, प्रेमा सत्यवीरा कन्या इंटर कॉलेज, मंडावर की प्राचार्या संजू शर्मा, गोमती कन्या इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर की प्राचार्या ज्योति बाला, कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के प्राचार्य अमित बंसल, कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के प्राचार्य महेंद्र सिंह कौरव एवं वीरा चेरिटेबल सोसाइटी के समस्त महाविद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्ति ठाकुर अवनीश कुमार, मुनिदेव शर्मा, मोहम्मद अता कौसर, संजीव राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सारिका, मुमताज, मनोज यादव व गयूर आसिफ ने किया।

# श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया गुरुनानक देव का प्रकाश उत्सव

## संगत को निहाल किया, भव्य नगर कीर्तन निकाला

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार मुंढाल के तत्वावधान में इस वर्ष भी गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाश उत्सव श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य नगर कीर्तन भी निकाला गया, जिसमें कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाकर सभी को रोमांचित कर दिया।



इस अवसर पर गुरु वाणी के प्रचारक व कथावाचक व रागी जत्थे रणजीत सिंह ने श्रद्धालुओं को कीर्तन से निहाल किया। गुरुद्वारे के ज्ञानी सुखविन्दर सिंह द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में अखंड पाठ शुरू किया गया,जिसका समापन 16 नवम्बर को हुआ। इस अवसर पर अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

धूमधाम के साथ नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें सबसे आगे पंच प्यारे चल रहे थे। इस अवसर पर नगर कीर्तन में कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। नगर कीर्तन में सैकड़ों सेवादारों ने झाड़ू लगाकर अपनी सेवाए दीं।

इस अवसर पर गुरुद्वारे के प्रधान सरदार नत्थन सिंह, परवेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, विपिन सिंह, मान सिंह, राजवीर सिंह, हरवेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह, रविन्द्र सिंह, ईलम सिंह,जयराम सिंह, चतर सिंह, बलराम सिंह, भूदेव सिंह, दयाराम सिंह आदि सेवादार मौजूद रहे।

# सीओ ने शिक्षकों-छात्रों का किया आह्वान

# साइबर अपराधियों से रहें सावधान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने शिक्षकों व छात्रों को महिला सुरक्षा व साइबर क्राइम आदि के बारे में जागरूक करते हुए सावधान रहने का आह्वान किया।



छात्रों को जागरूक करते सीओ देश दीपक सिंह

पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने ट्रैफिक रूल्स, नारी सशक्तिकरण, मिशन शक्ति कार्यक्रम, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, स्वावलंबन, महिला हेल्पलाइन, महिला चौपाल और महिलाओं की जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने साइबर सिक्योरिटी, एपी के फाइल फ्रॉड, कस्टमाइज्ड नंबर, मिरर ऐप व पैरलल ऐप के खतरे के बारे में सबको अवगत कराया तथा छात्रों को किसी भी नकली ऐप के झांसे में न आने की सलाह देते हुए कहा कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक या ऐप से सावधान रहें।

उन्होंने यातायात माह अभियान, सड़क सुरक्षा, मोटर व्हीकल एक्ट तथा नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने के नियमों पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए सभी की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने सभी अधिकारियों व आगंतुकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सुरक्षा और जागरूकता की भावना को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर हीमपुर दीपा प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे।

# हवस में अंधा होकर पुत्र की जान लेने वाला पिता जेल गया

## घटना ने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पुलिस ने पुत्रहंता पिता को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। घटना के खुलासे से क्षेत्रवासी अचंभित रह गये।

क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि अभियुक्त सुभाष तोमर के अपनी पुत्रवधू (मृतक की पत्नी) से अवैध सम्बन्ध थे। उसके पुत्र सौरभ तोमर ने उन्हें आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसे लेकर पिता - पुत्र में रंजिश पैदा हो गई थी। इसी रंजिश में 12 नवम्बर को सुभाष ने खेत पर गये अपने पुत्र सौरभ को बहाने से गन्ने के खेत में बुलाया। पहले उसके ऊपर तमंचे से फायर किया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। बाद में पीछे रखे फावड़े से उसके सिर पर वार किया और फिर उसकी गर्दन काट दी। पुलिस ने सुभाष की निशानदेही पर 315 बोर का तमंचा तथा फावड़ा बरामद किया है। तमंचे की नाल में खोखा कारतूस फंसा हुआ था। पुलिस का कहना है कि पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराना और उसे ढूंढना सुभाष का ढोंग था। बरामदगी के आधार पर हत्या की धारा 103 (1) बीएनएस के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 भी जोड़ी गई है। सुभाष को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा किये गये हत्या के खुलासे से क्षेत्रवासी अचंभित हैं। इस घटना ने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। तिसोतरा के कुछ ग्रामीण ऐसे भी हैं, जो इस खुलासे पर यकीन नहीं कर पा रहे। ज्ञातव्य है कि ग्राम सादुल्लानगर, तिसोतरा निवासी सौरभ तोमर (30 वर्ष) पुत्र सुभाष तोमर 12 नवम्बर को अपराह्न लगभग 2 बजे अपने खेत पर गया था और वापस घर नहीं लौटा था। पिता ने 14 नवम्बर की शाम उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 15 नवम्बर को अपराह्न साढ़े तीन बजे उसका शव उसी के गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। पिता ने एक खेत से दूसरे खेत में जाते हुए शव देखने तथा गुलदार द्वारा मार डालने की बात गांव में बताई थी। मगर पीएम रिपोर्ट से हत्या किये जाने का खुलासा हुआ था।



पुलिस की गिरफ्त में पुत्रहंता सुभाष तोमर।

## 'माहेश्वरी सृजनशीर्ष सम्मान' से किया जायेगा सम्मानि

**धामपुर (चिंगारी)।** मां केला देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत लगभग 35 वर्षों से विभिन्न साहित्यिक एवं शोध कार्य में क्रियाशील संस्था साहित्य कला सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर समस्त साहित्यिक और कला के क्षेत्र में मौलिक और उत्कृष्ट योगदान के लिए स्थापित और संघर्षशील साहित्यकारों ,कलाकारों और पत्रकारों को सम्मानित करने के लिए 'माहेश्वर सृजनशीर्ष सम्मान 2025' का शुभारंभ किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए मां केला देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी एवं पूर्व सांसद डॉ. लाल बहादुर रावल व ट्रस्टी आर एस एम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. रश्मि शर्मा रावल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस सम्मान के अंतर्गत एक लाख रुपए नगद, प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा, जबकि पत्रकारिता के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाले मुरादाबाद मंडल के एक पत्रकार को प्रतिवर्ष 51000 रु नगद, प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा उन्होंने बताया कि इसका निर्णय तीन सदस्य समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया जाएगा।

# मृतका सविता के घर पहुंचे सांसद चन्द्र शेखर, संवेदनायें व्यक्त कीं



स्व. सविता देवी के परिजनों के बीच सांसद चन्द्रशेखर आजाद।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बीती रात्रि क्षेत्रीय सांसद एड. चन्द्रशेखर आजाद ने ग्राम जालपुर में पहुंचकर मृतका सविता देवी के परिजनों के प्रति संवेदनायें व्यक्त कीं। क्षेत्र के ग्राम जालपुर निवासी आजाद समाज पार्टी की सदस्या सविता देवी पत्नी स्व. तेजपाल सिंह की 25 दिन पूर्व खेत में काम करते हुए हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। बीती रात्रि साढ़े आठ बजे नगीना लोस क्षेत्र के सांसद एवं आसपा , भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. चन्द्रशेखर आजाद ग्राम जालपुर में स्व. सविता देवी के आवास पर पहुंचे। उन्होने परिजनों को ढांढस बंधाया और उनके प्रति संवेदनायें व्यक्त कीं। भीमसैन हल्दिया, खुर्शीद चेयरमैन, धर्मराज हल्दिया, रजत कुमार, प्रशांत महासागर, ललित कुमार, आशीष जाटव, यशवर्धन, पंकज कुमार, डॉ. मकसूद, नीतीश चौधरी सहित काफी आसपा, भीम आर्मी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किशोर की पीट-पीट कर हत्या करने के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

**बिजनौर (चिंगारी)।** सीजेएम नरेंद्र कुमार पंचम ने 14 वर्षीय किशोर की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में वकीला और उसके पुत्र रिहान सहित दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश थाना प्रभारी नजीबाबाद को दिए है।

दिलशाद पुत्र मुबीन निवासी गांव बोरेकी थाना नजीबाबाद ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में लिखा कि वकीला और उसका पुत्र रिहान उसी के गांव के हैं और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। उसके 14 वर्षीय पुत्र फैसल को जान से मारने की धमकी भी दे चुके हैं। आरोप लगाया कि एक जून 2025 को शाम के समय वकीला और उसका पुत्र रिहान ने किसी अज्ञात व्यक्ति को उसके घर से उसके पुत्र फैसल को बुलाने के लिए भेजा। फैसल उस व्यक्ति के साथ चला गया। जब फैसल घर वापस नहीं आया तो दिलशाद और उसकी पत्नी गुलिस्ता गांव प्रधान और अन्य लोगों के साथ फैसल को तलाश करने निकल गए। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने बताया कि फैसल को आरोपित वकीला उसका पुत्र रिहान तथा दो अन्य अज्ञात व्यक्ति जमीन पर गिराकर मारपीट कर रहे हैं। दिलशाद मौके पर पहुंचा तो देखा कि वे फैसल के साथ सड़क पर मारपीट कर रहे थे। उसके सीने पर लात घूंसों से वार कर रहे थे । शोर मचाने पर अभियुक्त फरार हो गए । गंभीर हालत में फैसल को चिकित्सक के ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने सूचना के बाद फैसल के शव का अंतपरीक्षण तो कराया लेकिन अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

इस मामले में कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर इनके के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई, जिस पर सुनवाई करते हुए सीजेएम नरेंद्र कुमार पंचम ने नजीबाबाद थाना प्रभारी को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# बरकातपुर मिल ने 94 हजार कुंतल की पेराई का नया कीर्तिमान स्थापित किया



नरपत सिंह राठौर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर ने कल सुबह 24 घंटे में 93 हजार कुंतल गन्ना पेराई का रिकॉर्ड बनाने के बाद आज सुबह 94 हजार कुंतल की पेराई का नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। मिल प्रशासन इस उपलब्धि से गदगद है तथा लड्डू बांटने की तैयारी की जा रही है। उत्तम शुगर मिल्स की ऑन रिकॉर्ड पेराई क्षमता 85 हजार कुंतल प्रतिदिन की है। मिल पेराई के 24 घंटे की गणना एक सुबह 6 बजे से अगली सुबह 6 बजे तक पूरी होती है। आज सुबह 6 बजे पूरी हुई 24 घंटे की गणना में मिल ने अपनी सर्वोच्च पेराई की है, जो 94 हजार कुंतल है। एक दिन पूर्व मिल ने 93 हजार कुंतल की रिकॉर्ड पेराई की थी। गन्ना पेराई का नया रिकॉर्ड बनने से मिल प्रशासन प्रफुल्लित है। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने बताया कि ईश्वर की कृपा से 94 हजार कुंतल की पेराई का रिकॉर्ड कायम हो गया है। मिल को पूरी रफ्तार से चलाया जा रहा है, ताकि सर्वोच्च पेराई का और बेहतर रिकॉर्ड कायम किया जा सके। उधर मिल प्रशासन ने इस खुशी में लड्डू बांटने की तैयारी शुरू कर दी है।

# प्रयागराज भारत की आध्यात्मिक धड़कन व सांस्कृतिक धरोहर है : स्वामी चिदानंद

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने प्रयागराज स्थित परमार्थ संगम घाट एवं आस-पास के क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण कर आगामी कुंभ मेला, माघ मेला तथा अन्य आध्यात्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की।


इस अवसर पर स्वामी जी ने प्रदेश और देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं विशेष अतिथियों के स्वागत हेतु घाट क्षेत्र को और अधिक भव्य, दिव्य, सुरक्षित एवं नूतन स्वरूप में विकसित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज मात्र एक तीर्थ नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक धड़कन, सांस्कृतिक धरोहर और सनातन एकता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संगम एक ऐसा स्थल है, जहां आस्था, अध्यात्म, सेवा, संस्कार और संस्कृति एक साथ प्रवाहित होते हैं। उन्होंने स्थानीय युवाओं,



स्वयंसेवकों और धार्मिक संगठनों से आह्वान किया कि वे आने वाले कुंभ से पूर्व क्षेत्र में स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और जनजागरूकता के कार्यक्रमों को और सशक्त करना होगा। स्वामी जी ने तीन महानतम राष्ट्रनायकों पंजाब केसरी लाला लाजपत राय, राम जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य स्तंभ अशोक सिंघल तथा प्रखर राष्ट्रवादी नेता बाला साहब ठाकरे जी की पुण्यतिथि पर परमार्थ त्रिवेणी पुष्प प्रांगण, प्रयागराज में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया।

# श्रद्धा व भव्यता के साथ मनाई गई प्राचीन शिव मंदिर के नवनिर्मित भवन स्थापना की चौथी वर्षगांठ


नवनिर्मित शिव मंदिर


मंदिर में स्थापित 250 वर्ष पुरानी देवी की मूर्ति


भवन प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल अतिथिगण (फाइल फोटो)

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नगर के ऐतिहासिक और आस्था के केंद्र प्राचीन बड़े शिव मंदिर के नवनिर्मित भवन की स्थापना दिवस की चौथी वर्षगांठ मंगलवार को श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। यह अवसर न केवल मंदिर की दिव्यता का प्रमाण है, बल्कि नगरवासियों की वर्षों की आस्था और सहयोग का प्रतीक भी है।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने बताया कि बड़ा शिव मंदिर हमारी प्राचीन धरोहर है। इसके रखरखाव तथा धार्मिक अनुष्ठानों में कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही मंदिर प्रांगण में स्थित लगभग 250 वर्ष पुरानी माता मंदिर का जीर्णोद्धार भी जनता और समिति के सहयोग से शुरू किया जाएगा। विदित हो कि प्राचीन शिव मंदिर की जर्जर अवस्था को देखते हुए मार्च 2015 में इसके जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया था। इस दौरान निर्माण समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रमोद अग्रवाल (लाल दुकान वाले) को चुना गया था। उनकी सहयोगी टीम में हरिश्चंद्र कर्णवाल, अतुल अग्रवाल (पंप वाले), अंबरीश अग्रवाल, पंडित रमेशचंद गौड़, डॉ. संजीव गुप्ता, विकास जैन, एडवोकेट प्रमोद बजाज, पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक, मुकेश अग्रवाल उर्फ मुन्ना फोटोग्राफर, राजीव अग्रवाल सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे। लगभग छह वर्षों तक चले इस निर्माण कार्य में नगर ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। इसी जनसहयोग का परिणाम है कि सन् 2021 में यह भव्य व दिव्य शिव मंदिर पूर्ण रूप से तैयार होकर आस्था का नया स्वरूप बनकर खड़ा हो गया। इसके बाद इसके विकास कार्यों में गति देने में निवर्तमान अध्यक्ष संजय लोहिया व उनके सहयोगियों का भी विशेष योगदान रहा। बताते चलें कि मंदिर का शिलान्यास कलम के पुरोधा स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान के सुपुत्र तथा सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी द्वारा 31 मार्च 2015 को किया गया था। नगर के मध्य स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर लगभग दो शताब्दियों से अधिक समय से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था व विश्वास का केंद्र बना हुआ है। यहां प्रतिवर्ष दूर-दूर से आने वाले भक्त अपनी मनोकामनाओं के साथ शीश नवाते हैं और मंदिर की दिव्य अनुभूति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उस वक्त जब प्राचीन शिव मंदिर में नवनिर्मित भवन में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम यज्ञाहुतियों के साथ प्रारंभ हुआ था। जिसमें अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) डॉ. इंद्रेश कुमार व उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर रह चुके हरक सिंह रावत ने भाग लिया था।

## कुश्ती प्रतियोगिता में मयंक ने स्वर्ण पदक जीतकर नाम रोशन किया



**चांदपुर (चिंगारी)।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर के बीकॉम तृतीय सेमेस्टर के होनहार छात्र मयंक कुमार ने महाराजा हरिशचंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुरादाबाद में आयोजित अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में 61 किलो भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय व अपने परिवार का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कर दिया।

मयंक कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 61 किलोग्राम भारवर्ग में अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर यह सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। उनकी यह जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि गुलाब सिंह हिन्दू (पी.जी.) कॉलेज, चांदपुर के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण है।

उनकी यह उपलब्धि दर्शाती है कि गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्या प्रोफेसर साधना, समस्त शिक्षकों व खेल विभाग ने मयंक कुमार को उनकी इस अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी प्रतियोगिताओं में निरंतर सफलता की कामना की है।

## देखकर खतरनाक सांप, घर के लोग गये कांप

### सर्पमित्र ने पकड़कर, छोड़ दिया सुरक्षित स्थान पर

**नहटौर (चिंगारी)।** घर में सांप दिखाई देने से घर वालों में दहशत व्याप्त हो गई, जिसकी सूचना सर्पमित्र को दी गई। सर्पमित्र ने मौके पर पहुंचकर सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया, जिसके बाद घर वालों ने राहत की सांस ली।

ग्राम ढकौली निवासी ब्रह्मपाल सिंह के मकान में रविवार की शाम खतरनाक सांप घुस आया। परिवार के लोगों ने बताया कि सांप दीवार के सहारे चढ़कर अंदर बनी ताक में जा छिपा, जिसके बाद घरवालों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंचे सर्पमित्र बी.भास्कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानीपूर्वक सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। बी.भास्कर ने बताया कि यह रसेल वाइपर प्रजाति का सांप था, जिसे भारत के अत्यंत जहरीले सांपों में शुमार किया जाता है। सर्पमित्र ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सांप के काटने की स्थिति में तुरंत सीधे सरकारी अस्पताल पहुंचें और किसी भी घरेलू उपचार पर भरोसा न करें।

## एलएलएम क्रिमिनल लॉ में राधा रानी ने प्राप्त की प्रथम श्रेणी

**चांदपुर (चिंगारी)।** भगवन्त विश्वविद्यालय द्वारा जारी भगवंत ग्रुप अजमेर से एल.एल.एम.क्रिमिनल लॉ द्वितीय वर्ष परीक्षा 2025 के परिणाम में राधा रानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल कर अपने परिवार को गौरवान्वित किया। ग्राम स्याऊ निवासी बलवंत सिंह की होनहार पुत्री राधा रानी ने भगवंत ग्रुप अजमेर से एल.एल.एम. कर रही थी। राधा रानी ने प्रथम वर्ष में 500 में से 379 अंक प्राप्त किये हैं। दूसरे वर्ष में 500 में से 312 अंक प्राप्त किये। दो वर्षों के कुल अंकों में उन्होंने 1000 में से 691 अंक अर्जित कर 69.10 प्रतिशत लाकर प्रथम डिवीजन प्राप्त किया है।

## किशोरी युवक संग फ़रार, पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

**नूरपुर (चिंगारी)।** घर से स्कूल गई किशोरी युवक के साथ फ़रार हो गई। पिता ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 12 नवम्बर को उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से स्कूल गई थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों को चिन्ता हुई। इधर-उधर तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। जानकारी हुई कि राजस्थान निवासी युवक गुड्डू उसकी पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित ने बताया कि वह युवक के घर राजस्थान गया, लेकिन दोनों वहां भी नहीं मिले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस आरोपी गुड्डू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गई है।

## बिजनौर गोल्डन लॉयनेस मेन क्लब ने वर्कशॉप आयोजित कर, दिखाये कई हुनर



**बिजनौर (चिंगारी)।** गोल्डन लॉयनेस क्लब मेन ने समाजसेवी सविता अग्रवाल के यहां स्किन डेवलमेंट वर्कशॉप आयोजित की। इस वर्कशॉप में निर्धन कन्याओं एवं इच्छुक महिलाओं को अपनी स्किन में निखार लाने एवं नई हस्तकला सीखने में सहयोग देने के लिये श्रीमती सविता अग्रवाल से हाथ मिलाया और उनके द्वारा सिखाये जाने वाले हस्तशिल्प जैसे- सिलाई मशीन से कई तरह के कपड़े सिलना, सूती डोरी से वॉल हैंगिंग एवं कलात्मक चीजें बनाना, पानी व कोल्ड ड्रिंक की वेस्ट बोतलों से गुलदस्ते, जानवर की कृति बनाना, उनमें सुंदर रंग भरकर सजीव बनाना, कागज के फूलों से गुलदस्ते बनाने में पूर्ण सहयोग देने की इच्छा जाहिर की। स्वयं क्लब सदस्यों ने भी इन अनोखी निर्मित कलाकृतियों को बनाने की कोशिश की। सविता ने बताया कि कई छात्राएं इन चीजों को सीखकर धनोपार्जन भी कर रही हैं। उनके इस कार्यशाला के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं सविता को गिफ्ट से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी, कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल, पीडीसीपी अरुणा मित्तल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी मनुश्री, उपसचिव अंशुल खेड़ा, जोन चेयरपर्सन विनीता राजपूत, पूर्व अध्यक्ष अर्चना राजपूत एवं रेखा अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# सुलताना अंग्रेजी शासकों के विरुद्ध बागी व आमजन का हमदर्द था: अमन

## एक शाम बागी सुल्ताना के नाम

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** एक शाम बागी सुलताना के नाम आयोजन में ऐतिहासिक चरित्र सुलताना डाकू के जीवन पर चर्चा करते हुए ओपन डोर के बागी सुलताना विशेषांक का लोकार्पण बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ के सभागार में किया गया। अतिथियों द्वारा गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ कार्यक्रम में सबसे पहले ओपन डोर के संपादक अमन कुमार त्यागी ने सुलताना के जीवन पर प्रकाश डाला व उसे अंग्रेजी



ओपन डोर के बागी सुलताना विशेषांक का लोकार्पण करते हुए।

शासकों के विरुद्ध बागी बताते हुए आमजन का हमदर्द बताया। अध्यक्षता कर रहे पत्रकार डॉ. पंकज भारद्वाज ने कहा कि सुलताना के जीवन पर शोधकार्य होना चाहिए। वह केवल उन्हीं लोगों को लूटता था जो अंग्रेजी सरकार के पिट्ठू थे। देश विदेश में सुलताना का नाम पहचाना जाता है। बिजनौर नजीबाबाद की पहचान उसी के नाम से होती है। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल शर्मा अनिल ने कहा कि सुलताना ने तत्कालीन शासन का विरोध धर्मान्तरण कराने व ईसाईयत को बढ़ावा देने की वजह से किया। सौ बरसों के बाद आज भी जिसका चर्चा होता है, सुलताना हो लाख बुरा पर भारत मां का प्यारा था। विशिष्ट अतिथि डॉ. भूपेन्द्र कुमार ने कहा कि सुलताना महिलाओं की इज्जत करता था, मां बहन बेटियों की इज्जत की रक्षा की जीवन में उसने, बहुतों की शादी में धन देकर कितनों को दिया सहारा था। मुख्य अतिथि डॉ. इलियास ने सुल्ताना पर गजल प्रस्तुत की, जबकि नागेन्द्र मधुकर ने एक कविता व गज़ल पेश की। संयोजक संचालक कुमार मोनू रुबा ने सुलताना के जीवन पर बेहतरीन रचना सुनाते हुए कहा कि सुलताना बागी था, लेकिन लाखों आँख का तारा था, मोनू रुबा के इसी मिसरे पर रचनाकारों ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में कारी शाकिर, डॉ. आफ़ताब नोमानी ने भी सुल्ताना पर केंद्रित काव्यपाठ किया। जबकि सुधीर राणा, दारा सिंह तोमर, आलोक त्यागी, गोविंद सिंह बौद्ध, राकेश मोहन भारती, बब्बन जैदी आदि वक्ताओं ने सुल्ताना के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के बाद बाहर से आए अतिथियों को वह किला भी दिखाया गया, जिसमें सुल्ताना अपने साथियों के साथ रहा था।

## बसपा कार्यकर्ताओं में पार्टी को मजबूत करने के लिए भरा जोश

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी में बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बसपा जिलाध्यक्ष अखिलेश हितैषी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों का प्रचार व प्रसार कर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरा। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के लिए हम सभी को अभी से तैयार रहना है। आगामी जिला पंचायत चुनाव में वार्ड 2 से बसपा के संभावित प्रत्याशी शेषपाल राठी ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा तैयार है। कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। सम्मेलन में बसपा विधान सभा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह, सुरेश रवि, विजेंद्र कश्यप, अजय कुमार, गुलशन कुमार, सुनील कुमार, जसराम सिंह, अनिकेत तोमर, शमीम, प्रमोद राठी, विपिन तोमर, धर्मेंद्र सिंह, बुंदु मकरानी, अनुज कुमार, नंदराम प्रजापति, अफ़सर अली, शाकिर हुसैन, अनिल कुमार, असलम, अमित राठी, धर्मेंद्र सिंह, डॉक्टर कलवा विश्वकर्मा, अशोक कुमार, शेर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उदा देवी पासी को पुण्यतिथि पर नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अपना दल (एस) की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में 1857 की वीरांगना उदा देवी पासी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि उदा देवी पासी ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध वीरता से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस व देशभक्ति सबके लिए प्रेरणास्रोत है। नई पीढ़ी को उनके संघर्ष के बारे में जानना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वकील अहमद, हिमांशु राजपूत, यशपाल, राजीव शर्मा, मोनू, अभिषेक, लाभ सिंह, सरताज, सभासद जुबैर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।



उदा देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर देर रात तक निकला नगर कीर्तन



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम पाडली मांडू में गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव रविवार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देर रात तक नगर कीर्तन निकाला गया। रागी रविंदर दिल्ली वाले कुलविंदर सिंह स्वराज वाले रागी द्वारा गुरबाणी के माध्यम से सिख संगत को निहाल किया। रविवार को गुरुद्वारा सभा के तत्वावधान में चल रहे श्री गुरु नानक देव जी के 556 वां प्रकाशोत्सव, 110 वां विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बाहर से आए रविंदर दिल्ली वाले कुलविंदर सिंह स्वराड वाले रागियों द्वारा सिख संगत को गुरु वाणी के माध्यम से निहाल करते हुए गुरु नानक देव के आदर्शों पर चलने का आवाहन किया। इससे पूर्व अखंड पाठ का समापन हुआ। सेवादारों को सरोपे पर भेंट करके सम्मानित किया। विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया। गुरुद्वारा परिसर से विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में पंच प्यारे अगवानी करते चल रहे थे। नगर कीर्तन का गांव में अलग-अलग स्थान पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। बैंड धार्मिक धुनें बजाते चल रहे थे। संगत द्वारा भजन कीर्तन गाते चल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक पुलिस फोर्स तैनात रहा। इस अवसर पर प्रधान परमजीत सिंह जग्गा, सेक्रेटरी देवेंद्र सिंह कपूर, संचालन हरनाम सिंह जौहरी, हितेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, गुरुनाम सिंह, चाहत सिंह आदि सिख संगत में महिला-पुरुष व बच्चे भी सामिल रहे। देर रात नगर कीर्तन संपन्न हुआ।

## गंगा स्नान मेला सकुशल सम्पन्न होने पर डीएम का सम्मान किया




**चांदपुर ( चिंगारी )।** कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला समिति के पदाधिकारियों ने नारनौर घाट धाम पर गंगा स्नान मेला सकुशल संपन्न होने पर जिलाधिकारी जसजीत कौर का स्वागत सम्मान किया गया। आज दोपहर समिति के पदाधिकारियों ने बिजनौर पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात की। समिति ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अंग वस्त्र व गुरु नानक देव का विग्रह भेंट किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक चौधरी कुलदीप सिंह, प्रबंधक नीरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, अध्यक्ष अजय कुमार कौशिक, सदस्य यशपाल सिंह और सतीश कुमार आदि मौजूद रहे। जिलाधिकारी के निर्देश पर मेले में यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, फायर, पीएसी आदि विभागों की समुचित व्यवस्था की गई थी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का जत्था किरतपुर रैली के लिये हुआ रवाना

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** नगीना विधानसभा के नगर किरतपुर में होने वाली भाजपा द्वारा प्रस्तावित, सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सद्भावना रैली को सफल बनाने के लिए कोतवाली देहात क्षेत्र के महेश्वरी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। भारत माता के नारो, वंदे मातरम का उद्घोष करते हुए किरतपुर रैली के लिए रवाना हुये। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा यशपाल सैनी, धर्मवीर कश्यप, रवि प्रजापति, चौधरी भूरे सिंह, मंडल महामंत्री डॉ. टीकम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विनीत चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष रोबिन चौधरी, मंडल मंत्री चंद्रपाल सिंह, नरपाल सैनी, मंडल कोषाध्यक्ष अनिल बिश्नोई, पूर्व मंडल महामंत्री सुरेश भगत, मोहित त्यागी, घनश्याम नेताजी, शक्ति केंद्र संयोजक जितेंद्र कश्यप, विदेश्वर सिंह, शारिक मलिक, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सोनू सैनी, सुधीर कुमार, मुजीब आलम, शिवम, सत्यपाल कश्यप, हैदर जैदी, दिनेश त्यागी, डॉ. जितेंद्र सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी रवाना हुए।



## नवदुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ भण्डारे का आयोजन



**नहटौर ( चिंगारी )।** नवदुर्गा मंदिर कासमपुर लेखराज में भंडारे का आयोजन हुआ। सोमवार को नवदुर्गा मंदिर पर हवन पूजन के मुख्य यजमान संस्थापक बालेश कुमार अग्रवाल व धर्मपत्नी पूनम अग्रवाल रही। पुरोहित सुबोध भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपूर्ण कराया। इस अवसर पर माता रानी को वस्त्र धारण कराया गया। भंडारे में श्रद्धालु ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विक्की, सावन सैनी, किशोर सैनी, खुशीराम सैनी, अंकुश अग्रवाल, संजय कुमार शर्मा, आदेश कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, रितेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शशांक गौतम, निर्दोष अग्रवाल, मोहित गुप्ता, आकाश अग्रवाल, विनील वर्मा, वीर कुमार अग्रवाल, संजोग अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, कपिल शर्मा, गीता अग्रवाल, निशा अग्रवाल, रचना अग्रवाल, अंजु गोयल आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुष्प निकेतन स्कूल ने फहराया परचम

**धामपुर (चिंगारी)।** फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पुष्प निकेतन स्कूल, धामपुर में एक दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 17 विद्यालयों के कुल 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के सिंगल्स एवं डबल्स मुकाबले आयोजित किये गये, जिसमें पुष्प निकेतन स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के निर्णयकों के निर्णयानुसार पुष्प निकेतन के अंडर-9 बॉयज़ सिंगल्स में आरव सिंह द्वितीय, लक्ष्य गुप्ता तृतीय, अंडर-11 बॉयज़ सिंगल्स में विहान तृतीय, अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स में वैष्णवी सिंह द्वितीय, अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में श्रेया दीक्षित द्वितीय, अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स में दर्शिता तृतीय, अंडर-19 गर्ल्स सिंगल्स में नीलिमा राजपूत द्वितीय व वैष्णवी तृतीय रही।



डबल्स प्रतियोगिता परिणाम में अंडर-11 बॉयज़ डबल्स में रोहन व कुंदन द्वितीय, अंडर-13 बॉयज़ डबल्स में वंश व वेदांत प्रथम, अंडर-15 बॉयज़ डबल्स में सूर्यांश राजपूत व शिव तृतीय, अंडर-15 गर्ल्स डबल्स में रिचा व शिवांशी तृतीय, अंडर-17 बॉयज़ डबल्स में सूर्यांश व वंश तृतीय, अंडर-19 बॉयज़ डबल्स में वंश व दैविक द्वितीय, अंडर-19 गर्ल्स डबल्स में रिचा राजपूत व भावना द्वितीय, वैष्णवी गहलौत व सिद्धि बहल तृतीय रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर राजेश यादव, सुमित शर्मा, जयप्रकाश मिश्रा, गौरव तनेजा, पुष्पेंद्र चौहान सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कई बाइकों को टक्कर मार, नशे में धुत डॉक्टर ने तेज दौड़ाई कार

**धामपुर (चिंगारी)।** रविवार की देर शाम एक चिकित्सक ने शराब के नशे में पुराना धामपुर की चुंगी से आरएसएम तक तेज रफ्तार कार भगायी। कई लोग कार की चपेट में आने से बाल-बाल बचे, जबकि बाइक टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गई। वहां खड़े लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रत्यक्ष के अनुसार डॉक्टर की कार कई स्थानों पर बेकाबू देखी गई। बताया जाता है कि कार की तेज रफ्तार के दौरान बाइक सवार लगातार होर्न बजाकर लोगों को सतर्क कर रहे थे। ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके। कुछ युवक तो स्थिति को देखते हुए कार का पीछे तक करते हुए देखे गये। सूचना मिलते ही पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में लिया। डॉक्टर इतने नशे में था कि वह ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी की राइफल पकड़ने पर आमादा हो गया। बाद में सुलह की बात सामने आने पर पुलिस ने डॉक्टर को चेतावनी देकर छोड़ दिया। उधर लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नशे में वाहन चलाना किसी की जान लेने जैसा अपराध माना जाता है और ऐसे मामलों में शराबियों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कई लोग बाल-बाल बचे



# विधिवत पूजन के उपरांत हुआ सुंदरकांड का सामूहिक पाठ

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला खातियान में पंडित प्रदीप शर्मा के यहां सुंदरकांड के सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित कुलदीप शर्मा ने विधिवत पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान पंडित प्रदीप कुमार शर्मा, योगेश्वरी देवी शर्मा, तुषार मुदगल, श्रेया मुद्गल आदि रहे। कार्यक्रम में बबीता रानी, अंशिका भारद्वाज, जगन्नाथ, अशोक शर्मा, नीतू शर्मा, गौरव शर्मा, अनीता शर्मा, निकिता कौशिक, पंडित कृष्ण कुमार कौशिक, श्वेता त्यागी, पंडित अनिल कुमार रहे। कार्यक्रम का समापन भगवान श्री राम की आरती व श्रीहनुमान आरती के साथ हुआ। बाद में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# नगरीय निकाय गजेटियर तैयार करने की पालिका ने शुरुआत की

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगरीय निकाय गजेटियर तैयार किये जाने की शुरुआत नगर पालिका प्रशासन ने चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह का आर्थिक व सामाजिक डाटा कलेक्ट कर की। गौरतलब है कि मुरादाबाद मंडल के आयुक्त के निर्देश पर नगरीय निकाय गजेटियर तैयार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नगर के प्रत्येक परिवार की आर्थिक सामाजिक स्थिति का प्राथमिक आंकड़ा संकलन करना है, ताकि भविष्य के लिए विकास की कार्य योजना तैयार की जा सके। साथ ही नगरवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ पूरी तरह से मिल सके। आज नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी व अवर अभियंता जलकल गौरव शर्मा ने पालिकाध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल का प्राथमिक आर्थिक व सामाजिक डाटा कलेक्ट कर नगरीय निकाय गजेटियर की शुरुआत की।



# विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित द स्कॉलर वैली स्कूल में नगर पालिका परिषद धामपुर की लक्ष्य टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजित करके स्वच्छता और सफाई का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अध्यापकों, बालक और बालिकाओं को सूखे कचरे को नील डस्टिन में और गीले कचरे को हरे डस्टबिन में डालने के बारे में बताया गया। इसके अलावा प्लास्टिक को रिसाइकल से बनने वाले प्रोडक्ट के बारे में भी बताया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य सचिन सिंह व सभी अध्यापक मौजूद रहे।

# जनकल्याण की भावना के साथ यज्ञ में आहुति दी

**धामपुर (चिंगारी)।** वैदिक प्रचार समिति के चार दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में दूसरे दिन हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। टीचर कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रातः 8 बजे से जनकल्याण हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। यज्ञ आचार्य वीरेंद्र शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा कराया गया। आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हवन यज्ञ में आहुतियां देने से वातावरण की शुद्धि होती है और देवता प्रसन्न होकर सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। यज्ञ के मुख्य यजमान हरिराज सिंह, अनीता रानी, सोहनलाल शर्मा, नेहा शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, आदेश कुमारी सहित रेखा रानी आदि रहे। हवन यज्ञ के बाद पंजाब से पधारे पंडित राजेश अमर प्रेमी एवं रमन आर्य ने भजन सुनाये गए। कार्यक्रम में शलभ अग्रवाल, अरुण भटनागर, सुशील कुमार, सिल्लू लव गोयल, सत्येंद्र शर्मा, आलोक आर्य, मीनू आर्य ओमप्रकाश, भोला, अनिल कश्यप, देवेंद्र अग्रवाल, डा. राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।



# प्रतिष्ठानों का किराया बढ़ाने का व्यापारियों ने किया विरोध

## पालिका अध्यक्ष व ईओ से मिले

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद, धामपुर द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का किराया बढ़ाये जाने के विरोध में आज व्यापारी नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह और ईओ रवि शंकर शुक्ला से उनके कार्यालय में जाकर मिले। नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने कहा कि व्यापारियों के हित में बोर्ड काम करेगा जो किराया आपको निर्धारित कराना है उसके अनुसार बोर्ड में प्रस्ताव पास करके अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। यह बोर्ड आपका है। व्यापारियों का कहना था कि नियम अनुसार यदि किराया बढ़ाया जाता है तो उस पर अपनी सहमति व्यक्त करेंगे। इस मौके पर कुछ व्यापारियों ने कहा कि इस संबंध में वह मुरादाबाद मंडल के आयुक्त से भी मिलने का समय निर्धारित करेंगे। इस दौरान नगर पालिका परिषद के सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद के कुछ कर्मचारी व्यापारियों से बढ़ा किराया वसूल कर रहे हैं। जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर पालिका सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल, व्यापारी अनिल कुमार सिंह, पराग गुप्ता, राहुल अग्रवाल, राजकुमार दुआ, दुर्गेश राजपूत, आलोक कुमार, वसी अहमद, तेजवीर सिंह, आकाश ग्रोवर, ओमकार अग्रवाल, राजीव कुमार, संजय कात्यायन, डॉक्टर जसवंत सिंह, विशंभर सिंह, इरशाद अहमद, नरेश कुमार, नसीम अहमद, संजीव कुमार सहित अनेक व्यापारी शामिल रहे।


नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ से वार्ता करते हुए व्यापारी।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया




**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कोटद्वार मार्ग में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रान्त द्वारा सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती जूही (उपनिरीक्षक, पुलिस थाना, नजीबाबाद), रत्ना गर्ग (प्रोफेसर, रमा जैन कॉलेज), ऋतु रानी, कुमुद शर्मा, जिला सहसंयोजिका फूलमाला वर्मा, संयोजिका मनु नागर एवं आचार्या रजनी टांक ने मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्पार्चन कर किया। मंच पर उपस्थित बहनों माया देवी (समाज सेविका), वन्दना कोटनाला (कल्याणी फाउण्डेशन), रूची अग्रवाल (एलएनएस क्लब नजीबाबाद), संगीता देवी (मातृ भारती अध्यक्षा), मानसी वर्मा (पुरातन छात्रा) भी उपस्थित रही। आचार्या फूलमाला वर्मा अतिथि बहनों का परिचय कराकर उन्हें पटका पहनाकर एवं श्रीमद् भगवद् गीता भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में बहन राधिका, दीपिका, शिवाली एवं रिया ने समूह गीत तथा मुख्य वक्ता कुमुद शर्मा ने कुटुम्ब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये तथा आचार्या मनु नागर ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम कराया। पुरातन छात्रा प्रियंका ने रानी लक्ष्मीबाई तथा बहन मनु ने अहिल्याबाई होल्कर की भूमिका की सुन्दर प्रस्तुति दी। लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एलएस बिष्ट (क्षेत्रीय मंत्री विद्या भारती, पश्चिमी क्षेत्र), कपिल गर्ग (कोषाध्यक्ष), हेमन्त कुमार अग्रवाल (सम्मानित सदस्य), प्रधानाचार्य जितन्द्र सिंह एवं समस्त स्टाफ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




## पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम ने मीडियाकर्मियों को किया सम्मानित


कार्यक्रम में विचार रखते अबरार आलम।

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम एडवोकेट ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों को सम्मानित किया। बीती रात भागूवाला में एक रेस्टोरेंट पर आयोजित कार्यक्रम के मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम ने क्षेत्र के पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अबरार आलम ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना हैं। उन्होंने पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार ही पीड़ित व दबे-कुचले लोगों की आवाज को बुलंद कर अधिकारियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता करना आसान नहीं है। उन्होंने मीडिया कर्मियों के संघर्ष व समर्पण की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद एवं संचालन अब्दुल रहमान अल्वी भूरे ने किया। इस मौके पर शादाब जफर, डॉ. साबिर, अशरफ अली, अफजाल अंसारी, रईस अहमद, जकी मलिक, गजेंद्र सिंह, सूर्याशु उपाध्याय, सोमपाल उपाध्याय, मयंक कश्यप, मुस्तकीम अहमद, नौशाद सैफी, मोहित कर्णवाल, चौधरी वीर सिंह, ताबिश मिर्जा, शाही आराफत सैफी, शहजाद नौमानी पीएस राठी, आकाश ठाकुर, रिहान अंसारी, सुशील कुमार, आबिद अंसारी, पूर्व प्रधान असगर अंसारी, महबूब सदर, हाजी अनवार, शमीम अहमद, फुरकान अहमद आदि मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार ने प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों की दरों में 26 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्र सरकार ने सोमवार को प्रिंट मीडिया के विज्ञापन दरों में 26 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रिंट मीडिया के इकोसिस्टम को मज़बूत करने के उद्देश्य से सरकारी विज्ञापनों के लिए संशोधित दर संरचना को लागू किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) एक नोडल मीडिया इकाई है, जो भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की तरफ से विभिन्न मीडिया माध्यमों से प्रचार अभियान चलाती है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश

**पत्रांक- 503/ न.पा.परि.नगीना / अ.का.नि./सा.सू./2025-26 दिनांक-17-11-2025**

### सार्वजनिक सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों / एकल स्वामियों सहकारी समितियों / गैर सरकारी संस्था एन.जी.ओ./ कम्पनियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नगीना, जनपद बिजनौर में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम-2016 के अन्तर्गत स्थापित सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट के संचालन व कूड़े का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण के उपरान्त प्राप्त होने वाले आर.डी.एफ. इनर्ट व लिगेसी वेस्ट आदि के निस्तारण किए जाने हेतु प्रति टन दर के आधार पर प्रस्ताव हेतु प्रस्ताव दिनांक 25-11-2025 को अपराहन 3:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं। प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 25-11-2025 को उपराहन 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। इच्छुक पंजीकृत फर्मों/एक स्वामियों सहकारी समिति/ गैर सहकारी संस्था/एन.जी.ओ./कम्पनी अपने प्रस्ताव जमानत धनराशि अंकन 50,000/- रूपये की एफ.डी.आर./ नकद सहित जमा करा सकते हैं। अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नगीना, जनपद बिजनौर को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी एक अथवा समस्त प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर देंगे, सशर्त प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे। विस्तृत शर्तों एवं विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **( आशुतोष रामप्यारे जैसवाल )** | **( ताहिरा बेगम )** |
| **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पालिका परिषद नगीना** | **नगर पालिका परिषद नगीना** |

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

## विशिष्ट महिलाओं को किया गया सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विद्या भारती से संबद्ध हेमन दास सरस्वती शिशु मंदिर, जानकी नगर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम उत्साह और धार्मिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षा जगत से जुड़े विशिष्ट लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।






कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्ष, काशीरामपुर तल्ला की पूर्व ग्राम प्रधान एवं समाजसेविका सुनीता देवी तथा मुख्य वक्ता और राजकीय महाविद्यालय नई टिहरी की समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष तनु मित्तल उपस्थित रहीं। अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया और मुख्य अतिथि सहित विशिष्टजनों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। भारत विकास परिषद की संस्कार प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने महिलाओं के उत्थान और उनके सामाजिक योगदान पर अपने विचार रखे। वहीं पत्रकार अंजना गोयल द्वारा मातृशक्ति संगम पर रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान देश के लिए शहीद हुए गौतम सिंह की माता जी और स्वतंत्रता सेनानी शुभांगा पुंडीर जी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। भाजपा सुखरो महिला मंडल की अध्यक्ष अनीता भारद्वाज ने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े अपने अनुभव साझा किये।

मुख्य वक्ता तनु मित्तल ने परिवार कुटुंब प्रबोधन विषय पर प्रभावशाली संबोधन देते हुए बताया कि मातृशक्ति किस प्रकार परिवार को संस्कारित, संगठित और मजबूत बनाये रख सकती है। कार्यक्रम में पार्षद नीरू बाला खंतवाल ने भी उपस्थित महिलाओं को नारी सशक्तिकरण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर कई मातृशक्तियां पारंपरिक उत्तराखंडी वेशभूषा में शामिल हुईं, जिससे कार्यक्रम की सांस्कृतिक छटा और भी निखर गई। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं मातृशक्तियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर गीता रावत, सुनीता पंत, दीक्षा, श्रेया चौधरी, मुस्कान बिष्ट, अंजू चमोला, कीर्ति द्विवेदी, पूजा चतुर्वेदी हेमा पांडे आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखण्ड का देवभूमि का स्वरूप बरक़रार रखने की मांग

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने देवभूमि माने जाने वाले उत्तराखंड का स्वरूप बिगाड़ने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। इस संबंध में सोमवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में परिषद के सदस्यों ने कहा है कि उत्तराखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर राज्य में प्रधानमंत्री का आगमन हुआ, जो स्वागत योग्य है। लेकिन वर्तमान में देवभूमि अनेकों संकटों से जूझ रही है। देवभूमि में अनगिनत शराब के ठेके खोलकर इसे कलंकित किया जा रहा है। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे तीर्थ स्थल पवित्र कैसे रह सकते हैं। ज्ञापन में इसके अतिरिक्त लिव इन रिलेशनशिप कानून को देव भूमि से समाप्त करने, देवभूमि के पहाड़ी क्षेत्र निवासियों को जंगली जानवरों के आतंक से बचाने व लाल ढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग के शीघ्र निर्माणकी मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में परिषद अध्यक्ष जी के बड़थ्वाल, बलवान सिंह रावत, देवेंद्र सिंह रावत, संजय असवाल और हरीश खुगशाल आदि थे।

# कण्वाश्रम ग्राम स्वराज्य समिति ने पदमेन्द्र सिंह बिष्ट को दी श्रद्धांजलि

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कण्वाश्रम ग्राम स्वराज्य समिति के सदस्यों ने हंस फाउंडेशन के उत्तराखंड प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कहा कि उनका निधन समाज के गरीब तबके के लिए अपूर्णीय क्षति है। समिति की ओर से सोमवार को बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय हल्दूखाता में आयोजित शोक सभा में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए समिति के मुख्य संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य ने कहा कि विद्यालय को हंस फाउंडेशन द्वारा गोद लिए जाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कारण ही बोक्सा जनजाति के बच्चों ने निःशुल्क शिक्षा लेने का मार्ग प्रशस्त हुआ। विद्यालय प्रशासक मंजू रावत ने कहा कि स्व. पदमेंद्र सिंह बिष्ट ने हंस फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किया, जिसे हमेशा याद किया जाता रहेगा। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करते वालों में समिति अध्यक्ष विनय किशोर रावत, राजेंद्र प्रसाद पंत, डॉ. शीलसौरभ रावत, नेत्र सिंह रावत, पीताम्बर सिंह राणा, बृजेन्द्र नेगी, गोविंद सिंह रावत और विक्रम सिंह रावत आदि शामिल रहे।



पदमेंद्र सिंह बिष्ट

# फलाहारी बाबा की पुण्यतिथि पर आयोजित होगा महोत्सव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री गणेश गिरि धर्मार्थ समिति की ओर से स्व.गणेश गिरि फलाहारी बाबा की 88वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 3 व 4 दिसंबर को महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। महोत्सव में आचार्य देवी प्रसाद भट्ट के निर्देशन में समस्त गतिविधियां संचालित की जायेंगी। सोमवार को समिति कार्यालय में आयोजित बैठक में महोत्सव की रूपरेखा तय की गई। तय किया गया कि महोत्सव के प्रथम दिवस 3 दिसंबर को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जायेगा। साथ ही प्राचीन वट वृक्ष के नीचे धूना स्थापना की जायेगी व शाम को संतों का भंडारा होगा। द्वितीय दिवस 4 दिसंबर को प्रातः आचार्यों द्वारा बाबा की मूर्ति का स्नान व अभिषेक किया जायेगा। तत्पश्चात हवन कर भंडारे के साथ महोत्सव का समापन किया जायेगा। बैठक में समिति अध्यक्ष डा. वीरेंद्र सिंह रावत, सचिव सुमित नेगी, रणजीत सिंह नेगी, एडवोकेट हेमेंद्र नौटियाल, एडवोकेट विश्वजीत बड़थ्वाल और नरेंद्र जखमोला मौजूद रहे।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# जीईएचयू में डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद यूकास्ट ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी (जीईएचयू) तत्वावधान में उत्तराखंड के युवाओं के लिए डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी, निदेशक प्रो महेश मनचंदा ने कहा कि सामुदायिक पहुँच और सामाजिक प्रभाव के प्रति जीईएचयू की प्रतिबद्धता के तहत, हमने उत्तराखंड के युवाओं के लिए डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा जागरूकता पहल के अंतर्गत अपनी श्रृंखला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह पहल यूसीएसटी उत्तराखंड सरकार द्वारा अपनी आउटरीच और प्रशिक्षण श्रेणी के अंतर्गत वित्त पोषित है। कार्यशाला में एक आकर्षक और ज्ञानवर्धक सत्र में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के सह-प्रोफेसर साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. गुंजन छाबडा द्वारा डिजिटल धोखाधड़ी की रोकथाम, सुरक्षित और ज़िम्मेदार इंटरनेट व्यवहार, मोबाइल, ब्राउज़र और ऐप सुरक्षा, साइबर अपराध रिपोर्टिंग तंत्र, एथिकल हैकिंग में करियर के अवसर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक स्नातक छात्रों ने भागीदारी की। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन के निदेशक प्रो.गुलशन कुमार ढींगरा ने बताया कि 10 साइबर सुरक्षा चैंपियनों को उनकी जागरूकता और सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया। विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो एस पी सती द्वारा सभी विशेषज्ञों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत, डॉ. मनचंदा, डॉ. गुंजन छाबड़ा का विश्वविद्यालय परिसर की ओर से इस कार्यक्रम के आयोजन लिए धन्यवाद किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

## परचून की दुकान से लिया ढाई हजार का सामान, नहीं किया भुगतान

**बिजनौर (चिंगारी)।** इसे दुस्साहस ही कहा जायेगा कि एक व्यक्ति परचून की दुकान से सामान लेकर बिना पैसे दिये ही भाग गया। बिजनौर-नगीना मार्ग पर कुम्हार कॉलोनी में छत्रपाल की परचून की दुकान है। गत दिवस दुकान पर छत्रपाल की पुत्रवधू ललिता बैठी हुई थी। इस दौरान एक व्यक्ति आया और उसने करीब ढाई हजार रुपये का दाल, चीनी आदि घरेलू सामान एक थैले में भरवा लिया। इससे पहले कि ललिता उससे पैसे लेती, वह सामान लेकर भाग खड़ा हुआ। दुकान से कुछ दूरी पर बाइक स्टार्ट किये एक अन्य व्यक्ति खड़ा था, वह उसकी बाइक पर बैठकर फरार हो गया।

## गांव के रास्ते में दिखाई दिया अजगर, फैली दहशत

**झालू (चिंगारी)।** नगर में ग्राम मुकरंदपुर के रास्ते में एक विशालकाय अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इससे पहले भी इसी रास्ते पर एक विशालकाय अजगर पकड़ा जा चुका है। नगर के ग्राम मुकरंदपुर के रास्ते पर सोमवार शाम कुछ राहगीरों ने एक खेत के पास एक विशालकाय अजगर को देखा। लोगो ने इसकी सूचना आस पास के लोगों को दी। मौके पर किसान नेता कार्मेंद्र चौधरी ने पहुंचकर वन विभाग के रेंजर को इसकी सूचना दी। जिस पर मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची और मौके से करीब 16 फीट लंबा एवं लगभग 50 किलो वजनी अजगर को सकुशल रेस्क्यू कर लिया। वन विभाग की टीम ने उसको ले जाकर वन्य क्षेत्र में सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने की बात कही।

## दिल्ली के चार कोर्ट और दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली की कई जिला अदालतों में आज बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। धमकी के बाद साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी स्थित अदालतों को तुरंत खाली करा लिया गया था और गहन तलाशी अभियान चलाया गया था। बम की धमकी के कारण अदालती कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया था। सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को तुरंत इमारतों से बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और सुरक्षाकर्मियों ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की। पटियाला हाउस कोर्ट में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए, जहां बम निरोधक दस्ते ने गहन जांच की। सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, दोपहर के भोजन के बाद अदालती कार्यवाही को फिर से शुरू करने की अनुमति मिल सकती है। साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन के मानद सचिव, अनिल बसोया, एडवोकेट द्वारा जारी एक सूचना में सदस्यों को सूचित किया गया कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण, अगले दो घंटों के लिए सभी न्यायालयीन कार्य अस्थायी रूप से स्थगित कर दिए गए थे।




जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के निवर्तमान अध्यक्ष,
आदरणीय श्री एस.के. बबली एड. जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं

श्री एस.के. बबली एड.
निवर्तमान अध्यक्ष
जिला बार एसो. बिजनौर





वरूण अग्रवाल भोलू
एडवोकेट (बिजनौर)

बिजनौर में खुल गया है
ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901